# BK BIRLA CENTRE FOR EDUCATION

**SARALA BIRLA GROUP OF SCHOOLS**

**SENIOR SECONDARY| CO-ED DAY CUM BOYS' RESIDENTIAL SCHOOL**

**MID TERM EXAMINATION- 2024-25**

**HINDI**

Class : VIII　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　Duration : **3.00 Hrs**

Date : 26.09.2024　　　　　　　　　　　　　　　　　Max. Marks : **80**

Admission No.:　　　　　　　　　　　　　　　　　　Roll No.:

---

**नोट :**　**प्रश्न -पत्र चार खंडों में विभाजित है |**

**कृपया उसके अनुसार प्रश्न -पत्र हल करें |**

**सभी प्रश्न अनिवार्य हैं |**

**प्रश्न संख्या लिखकर उत्तर दीजिए |**

---

## खंड क (अपठित बोध)

**प्रश्न 1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-**　[5]

गुरु नानक ने सिख धर्म की स्थापना की। उनका जन्म तलवंडी पाकिस्तान में हुआ था। उनके बारे में कई कहानियाँ प्रचलित हैं। गुरु नानक एक बार अपने शिष्यों के साथ कहीं जा रहे थे। उन्होंने किसी भवन पर सात झंडे लगे देखे। उन्होंने अपने शिष्यों से इसके बारे में पूछा। एक शिष्य ने कहा, "यह एक धनी सेठ की कोठी है। जब इसके पास एक लाख की संपत्ति जमा हो जाती है, तो यह अपने मकान पर एक झंडा लगा देता है। ऐसा लगता है कि अब इसके पास सात लाख की संपत्ति है।" गुरु नानक उसकी कोठी पर पहुँचे। जैसे ही सेठ को उनके आने की खबर मिली,उसने छत पर चलने की प्रार्थना की। पर गुरु नानक ने कहा, "अभी समय नहीं है। काफी दूर जाना है। हाँ, हमारे पास एक सोने की सुई है। रास्ते में डाकुओं का भय है, अत: इसे अपने पास सुरक्षित रख लीजिए। इसे अगले जन्म में मुझे वापस कर देना।" सेठ ने हाथ जोड़कर कहा, "महाराज यह संभव नहीं है, क्योंकि मरने के बाद परलोक में मनुष्य कुछ भी नहीं ले जा सकता है।"

(i)गुरुनानक जी का जन्म कहाँ हुआ था?

(क) दिल्ली　(ख) तलवंडी　(ग ) पंजाब　(घ) कश्मीर

(ii)सेठ ने अपनी कोठी पर सात झंडे क्यों लगा रखे थे?

(क) एक लाख रूपए हो गए　(ख) सात लाख रुपए हो गए

(ख) पाँच लाख रूपए हो गए　(घ) दस लाख रुपए हो गए

(iii) गुरु नानक जी सेठ की कोठी में क्यों नहीं गए ?

(क) समय नहीं था　(ख) सेठ ने बुलाया नहीं

(ग )बारिश हो रही थी　(घ) डाकू आ गए थे

(iv) उन्होंने सेठ को सोने की सुई देकर क्या कहा?

(क) अगले जन्म में लेने के लिए　(ख) दान देने के लिए

(ग )अगले दिन लेने के लिए　(घ) कभी न लेने के लिए

(v) इस कहानी से हमें क्या सीख मिलती है?

(क) पैसा ही सब कुछ है | (ख) अहंकार करना चाहिए
(ग ) दान नहीं करना चाहिए | (घ) इंसान को अहंकार नहीं करना चाहिए

**प्रश्न.2 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-** [5]

जीवन के यथार्थपूर्ण अनुभवों की वजह से वृद्धजनों का समाज में विशेष महत्त्व है। बुजुर्ग अपने घर-परिवार, पड़ोस समाज में अत्यंत संतुलित एवं मर्यादापर्ण जीवन जी चुके हैं। उनका स्वभाव समुद्र की तरह धीर -गंभीर हो जाता है| ऊपर से भले ही लहरें उठती रहें, किंतु भीतरी तल पर एकदम स्थिर एवं शांत रहते हैं जिससे धैर्यपूर्वक परिस्थितियों का आँकलन करने में वह सक्षम होते हैं। इसका एक एक कारण यह भी है कि बुजुर्गों ने बहुत शिद्दत से जिंदगी को जिया है , संघर्ष भी झेला, सफलता का मजा भी चखा है, कँटीले रास्तों पर भी चले तो फूलों भरी राह पर भी कदम थिरके | जीवन की आपा-धापी से दो-चार हो चुके होते हैं तथा किसी भी परिस्थिति में उन्होंने कभी पलायन नहीं किया होता। अपने दायित्वों का भलीभांति निर्वहन कर चुके होते हैं। इस तरह से वे जिंदगी में किसी भी सच्चाइयों से रूबरू होकर अपने अनुभव का खजाना समृद्ध कर लेते हैं। उनके जीवन भर के संघर्ष का, सफलता का, सुख-दुख का अनुभव इस अवस्था तक पहुँचते- पहुँचते सिद्ध एवं परिमार्जित हो चुका होता है। उनका परिमार्जित अनुभव एक प्रज्ज्वलित दिये की तरह से ज्योतिर्मय हो जाता है जिससे हम अपनी राहें रोशन कर सकते हैं | उनके अनुभव का दिया तो जल ही रहा है, हमें अपनी आँखें खोलनी होंगी , अगर आँखें बंद रखेंगे तो ठोकर खाने का अंदेशा रहेगा | उनकी अवहेलना एवं उपेक्षा किए बगैर समय - समय पर उनसे सलाह -मशवरा करते रहना चाहिए | अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराकर उनकी राय माँगने में हिचकिचाहट नहीं होनी चाहिए | बुजुर्ग आपका मार्गदर्शन करके प्रसन्न होंगे | यह कहना प्रासांगिक है कि किसी भी स्थिति -परिस्थिति से निपटने में सक्षम बुजुर्ग अनुभवी एवं जवान होते हैं |

(i) बुजुर्गों का अनुभव किस प्रकार सिद्ध एवं परिमार्जित हो जाता है?

(क) संघर्ष के अनुभव से | (ख) दूसरों के जीवन को देखकर
(ग) असफलता के अनुभव से | (घ) दायित्वों को न निबाह कर

(ii) हमें बुजुर्गों से किस प्रकार का व्यवहार नहीं करना चाहिए ?

(क) प्रेम-प्यार का | (ख) अपनेपन का
(ख) अवहेलना का | (घ) आदर- सम्मान का

(iii) 'दो चार होना' मुहावरे का सही अर्थ चुनिए-

(क) दो और दो जोड़ना | (ख) सामना करना
(ख) प्रतीक्षा करना | (घ) बेईमानी करना

(iv) किससे रूबरू होकर बुजुर्ग अनुभवी होते हैं?

(क) मनुष्य से | (ख) कठिनाइयों से
(ख) जीवों से | (घ) शत्रुओं से

(v) कथन (A) तथा कारण (R) को पढ़कर उचित विकल्प चुनकर लिखिए –

**कथन (A):** किसी भी स्थिति-परिस्थिति से निपटने में सक्षम बुजुर्ग अनुभवी और जवान होते हैं।

**कारण (R) :** बुजुर्ग जिंदगी की सच्चाइयों से रू-ब-रू होकर अपने अनुभव का खजाना समृद्ध कर लेते हैं। उनके जीवन-भर के संघर्ष का, सफलता का, सुख-दुख का अनुभव इसअवस्था तक पहुँचते-पहुँचते सिद्ध और परिमार्जित हो चुका होता है।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं। कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(ख) कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

(ग) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

(घ) कथन (A) सही है किंतु कारण (R) गलत हैं।

**खंड ख (व्याकरण बोध)**

**प्रश्न 3 निर्देश के अनुसार उत्तर चुनकर लिखिए -** [1]

(i) कौन सा शब्द अनुनासिक है –

(क) चाँद (ख) पिता (ग) सड़क (घ) अनंत

**प्रश्न 4 निर्देश के अनुसार उत्तर चुनकर लिखिए -** [1]

(i) कौन से शब्द में अनुस्वार लगा है –

(क) रास्ता (ख) बंदर (ग) नदी (घ) उधर

**प्रश्न 5 निर्देश के अनुसार उत्तर चुनकर लिखिए -** [1]

(i) मित्र शब्द का भाववाचक संज्ञा है –

(क) मित्रपन (ख) मित्रता (ग ) मैत्र (घ) मित्रों

**प्रश्न 6 निर्देश के अनुसार उत्तर चुनकर लिखिए -** [1]

(i) सूरज का तत्सम शब्द है –

(क) सूर्य (ख) हवा (ग ) राजा (घ) कमल

**प्रश्न 7 निर्देश के अनुसार उत्तर चुनकर लिखिए -** [2]

(i) कविता किसने सुनाई थी में कौन सा विराम का प्रयोग होगा –

(क)? (ख) ! (ग) "-" (घ) “”

(ii) ( ! ) इस विराम चिह्न का नाम है –

(क) विवरण चिह्न (ख) प्रश्न वाचक (ग) अल्प विराम (घ) विस्मयसूचक

**प्रश्न.8 निर्देश के अनुसार उत्तर चुनकर लिखिए -** [2]

(i) विद्वान का स्त्रीलिंग रूप है –

(क) विद्वानी (ख) विदुषी (ग) बुद्धिमती (घ) विद्वत

(ii) साम्राज्ञी का पुल्लिंग रूप है –

(क) सम्राट (ख) राजा (ग )महाराजा (घ) कवि

**प्रश्न.9 अनेकार्थक शब्द पर आधारित प्रश्नों के उचित उत्तर चुनकर लिखिए-** [2]

(i) अंबर का अनेकार्थक शब्द है –

(क) कपड़ा –आसमान (ख) फल -पुण्य (ग) दिन-रात (घ) हार -विजय

(ii) लाल का अनेकार्थक शब्द है-

(क) धन -यश (ख) लाल रंग –पुत्र (ग) छोटा -उथला (घ) वार -शान्ति

**प्रश्न.10 निर्देश के अनुसार उत्तर चुनकर लिखिए -** [2]

(i) अपेक्षा का विलोम शब्द है –

(क) इच्छा (ख) उपेक्षा (ग ) अनिच्छा (घ) अपयश

(ii) अमृत का विलोम शब्द है –

(क) विष (ख) फल (ग ) सोना (घ) यश

**प्रश्न.11 निर्देश के अनुसार पर्यायवाची शब्द चुनकर लिखिए -** [2]

(i) मित्र का पर्यायवाची शब्द है –

(क) सखा (ख) राजा (ग ) प्रजा) (घ) दिवस

(ii) सूर्य का पर्यायवाची शब्द है –

(क) शशि (ख) आदित्य (ग ) नरेश (घ) अतिथि

**प्रश्न.12 निर्देश के अनुसार उचित मुहावरे चुनिए –** [2]

(i) कान भरना मुहावरे का अर्थ है –

(क) कान में दवा डालना (ख)कान साफ़ करना

(ग )शिकायत करना (घ) हार मानना

(ii) नाक कटना मुहावरे का अर्थ है-

(क) बिना नाक के होना (ख) अपमान होना

(ग ) मुँह न दिखाना (घ) नमक कम होना

**<u>खंड ग (पाठ्यपुस्तक )</u>**

**प्रश्न.13 निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-** [5]

"जी जनाब सोलहवीं शताब्दी की बात है। बादशाह हुमायूँ शेरशाह से हारकर भागा था और सिंध के रेगिस्तान में मारा-मारा फिर रहा था। एक अवसर पर प्यास से उसकी जान निकल रही थी। उस समय एक ब्राह्मण ने इसी लोटे से पानी पिलाकर उसकी जान बचाई थी। हुमायूँ के बाद अकबर ने उस ब्राह्मण का पता लगाकर उससे इस लोटे को ले लिया और इसके बदले में उसे इसी प्रकार के दस सोने के लोटे प्रदान किए। यह लोटा सम्राट अकबर को बहुत प्यारा था। इसी से इसका नाम अकबरी लोटा पड़ा। वह बराबर इसी से वुजू करते थे। सन सत्तावन तक इसके शाही घराने में रहने का पता है। पर इसके बाद लापता हो गया। कलकत्ता (कोलकाता) के म्यूजियम में इसका प्लास्टर का मॉडल रखा हुआ है। पता नहीं. यह लोटा इस आदमी के पास कैसे आया? म्यूजियम वालों को पता चले तो फैसी दाम देकर खरीद ले जाएँ।"इस विवरण को सुनते-सुनते साहब की आँखों पर लोभ और आश्चर्य का ऐसा प्रभाव पड़ा कि वे कौड़ी के आकार से बढ़कर पकौड़ी के आकार की हो गईं।

(i) बादशाह हुमायूँ किससे हार गया था?

(क) अकबर (ख) शेरशाह (ग ) अशोक (घ) सूरजमल

(ii) किसने उसकी जान बचाई थी?

(क) डॉक्टर (ख) सेवक (ग ) ब्राह्मण (घ) गायक

(iii)अकबर उस लोटे से क्या किया करते थे ?

(क) पानी पीते (ख) वुजू करते (ग )खेलते थे (घ) अर्घ देते थे

(iv) लोटे का मॉडल कहाँ रखा हुआ है?

(क) दिल्ली (ख) कलकत्ता (ग ) मुंबई (घ) कश्मीर

(v) यह घटना किस समय की है?

(क) सोलहवीं सदी (ख) दसवीं सदी (ग ) बीसवीं (घ) आठवीं सदी

**प्रश्न 14 निम्नलिखित पठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-** [5]

अहंकार को छोड़ो कुछ ना कीमत है अभिमान की।
हिलमिल कर अब तुम भी सोचो मानव के सम्मान की।
लालच में तुम फँसे रहोगे ना इसमें कुछ रक्खा है।
कोशिश करके देखो राहें पाओगे निर्वाण की।
बात करो अब हमसे केवल मानव के कल्याण की।
नहीं सुनाओ अब तुम गाथा मानव के संहार की

(i) हमें किसका त्याग कर देना चाहिए ?

(क) अभिमान (ख) गुण (ग ) दोस्त (घ) घर

(ii) हमें किसका कल्याण करना चाहिए?

(क)भाई का (ख) दुश्मन का (ग ) मानव का (घ) खुद का

(iii) हमें लालच क्यों नहीं करना चाहिए?

(क) यह निरर्थक है (ख) सार्थक है (ग ) उपयोगी है (घ) अनिवार्य है

(iv)निर्वाण कब मिलता है ?

(क) परोपकार से (ख) पाप से (ग )कमाने से (घ) खाने से

(v) इस कविता का नाम क्या है ?

(क) इंसान का कल्याण (ख) मानव का कल्याण

(ग )अपनों का कल्याण (घ) गरीब का कल्याण

**प्रश्न 15 पठित पथों के आधार पर प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए :-** [4]

(i) झाऊलाल की दशा देखकर पत्नी ने किससे रूपए माँगने के लिए कहा –

(क) भाई (ख) पिता (ग ) मामा (घ) बिलवासी मिश्र

(ii) “सम्राट अशोक सर क्यों झुका लिया ? तलवार उठाओ|” यह कथन किसने कहा?

(क) राजकुमारी पद्मावती ने (ख) कलिंग के राजा ने

(ग ) दूत ने (घ) सेवक ने

(iii) पतझड़ के कोशिश करने पर भी क्या नहीं मरता है –

(क) उपवन (ख) कपड़े (ग ) बाग़ (घ) नदी

(iv) फूल की क्या नहीं लूट पाई –

(क)पंखुड़ियाँ (ख)महक (ग ) पेड़ (घ) पत्ते

**प्रश्न 16 नीचे दिए गए लघुत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए –** [8]

(i) कविता में अंधकार को कहाँ से दूर करने की बात की गयी है?

(ii) कुछ पानी के बह जाने से क्या नहीं मरता है?

(iii) अंग्रेज लोटे से क्यों प्रभावित हुआ ?

(iv) अशोक के दादा श्री का क्या नाम था ? और अशोक ने अंत में क्या निर्णय लिया ?

**प्रश्न 17 नीचे दिए गए दीर्घउत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए –** [12]

(i) सम्राट अशोक ने किसानों के साथ कैसा व्यवहार किया और क्यों?

(ii) सुभागी के चरित्र की तीन विशेषताएँ लिखिए ?

(iii) 'जीवन नहीं मरा करता है' कविता हमें क्या सन्देश देती है?

(iv) सारी धरती के भीग जाने से क्या प्रभाव पड़ रहा है?

## <u>खंड घ (लेखन कौशल )</u>

**प्रश्न 18** क्रिकेट मैच को लेकर पिता -पुत्र के बीच संवाद लिखिए | [5]

**प्रश्न 19** मेरी पहली रेल यात्रा पर अनुच्छेद लिखिए| [5]

**प्रश्न 20** अपने छोटे भाई को मन लगाकर अध्ययन करने की सलाह देते हुए पत्र लिखिए | [5]

**अथवा**

स्वास्थ्य अधिकारी से अपने मोहल्ले में फैली गन्दगी की शिकायत करते हुए पत्र लिखिए |

**प्रश्न 21 नीचे दिए गए चित्र को देखकर 100 शब्दों में अपने विचार लिखिए |** [5]



-------------------------------------------------------------------- समाप्त --------------------------------------------------------------------